लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082
अमृत विचार
वर्ष 6, अंक 128, पृष्ठ-16+4, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, रविवार, 30 मार्च 2025

PAGE NO 10 : MIDDLE

# चेन्नई के आरएमडी इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम बनी विजेता

- एसआरएमएस सीईटी में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 का समापन
- विभिन्न प्रदेशों के 46 टीमों के 172 छात्र-छात्राएं हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 का शनिवार को समापन हो गया। इसमें चेन्नई के आरएमडी इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम विजेता रही। चेन्नई के ही एनपीआर कॉलेज की टीम ने द्वितीय और एसआरएमएस सीईटी बरेली की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। 'सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन' थीम पर 27 मार्च को शुरू हुए इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में स्नातक और परास्नातक वर्ग में यूपी, तमिलनाडु, तेलंगना, मध्यप्रदेश के तकनीकी महाविद्यालयों की 46 टीमों में 172 छात्र एवं छात्राएं शामिल हुए। निर्णायक मंडल ने विजेता टीम को 31 हजार, दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीम को 11 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया। जबकि एसआरएमएस सीईटी की दूसरी टीम टेक टोरनेडो, लखनऊ स्थित बंसल इंस्टीट्यूट और एसआरएमएस सीईटीआर की टीम को सांत्वना पुरस्कार मिला। तीनों टीमों को पांच-पांच हजार रुपये का पुरस्कार मिला।

बीओबी के जीएम प्रतीक अग्निहोत्री, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शैलेश सक्सेना, डॉ.शैलेंद्र देवा, डॉ. एलएस मौर्य, डॉ. सत्य देव, स्मिता दिनकर, इं. अश्विनी चौहान, आशीष अग्रवाल, निपुन पांडेय, चीफ प्राक्टर विवेक यादव, प्रो. सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।